महत्वपूर्ण एवं खास

बिजली प्लांटों के ठेका श्रमिकों को जल्द होगा बोनस का भुगतान

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने पावर कंपनी के प्लांटों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के बोनस राशि की दूसरी किस्त, न्यूनतम वेतन देने व वेतन पर्ची को लेकर प्रबंधन फेडरेशन ठेकेदार संघ के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई थीए लेकिन लिखित आश्वासन के बावजूद श्रमिकों को बोनस राशि की दूसरी किस्त का भुगतान नहीं किया गया। ठेका कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के साथ ही वेतन पर्ची नहीं देने से फेडरेशन.1 के महासचिव आरसी चेट्टी ने सभी प्लांटों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंता सहित जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक को 28 फरवरी तक ठेका श्रमिकों के बोनस राशि की दूसरी किस्त, न्यूनतम वेतन व वेतन पर्ची को लेकर उचित कार्रवाई की मांग रखी थी। आंदोलन की चेतावनी भी प्रबंधन को दी गई थी। इसको देखते हुए दर्री एचटीपीपी और डीएसपीएम प्लांट के अफसरों ने अधीक्षण अभियंताओं को आदेश जारी कर निर्देशित किया है। जिन ठेकेदारों ने अपने श्रमिकों को बोनस राशि की दूसरी किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। उन्हें प्रबंधन, फेडरेशन.1 और ठेकेदार संघ के बीच हुए लिखित समझौते के अनुसार बोनस राशि की दूसरी किस्त जल्द दिया जाए। इसके साथ ही न्यूनतम वेतन और वेतन पर्ची भी देना चाहिए।

शहरी क्षेत्र में 119 आवास आबंटित किये 2784 का निर्माण कार्य प्रगति पर

कोरबा (आरएनएस)। स्लम एरिया होने के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए भारत सरकार ने तय किया है कि लोगों को पक्के मकान देने के साथ समस्या का समाधान किया जाये। कोरबा शहरी क्षेत्र में इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना पर काम चल रहा है। मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के पैटर्न पर आवास विकसित किये जा रहे है। जानकारी के अनुसार नगर निगम के द्वारा केंद्र और राज्य के आर्थिक सहयोग से पब्लिक केरियर स्कूल के पास 481 आवासों की श्रृंखला तैयार की गई है। इनमें से 119 आवास का आबंटन कर दिया गया है। बाकी के मामले में प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी की जायेगी। इसके अलावा दादर खरमोरा क्षेत्र में 2784 आवास इसी योजना के अंतर्गत बनाये जा रहे है। वर्तमान में यह काम निर्माणाधीन है। हालांकि इसका काफी हिस्सा तैयार हो चुका है। बाकी काम के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। आवासों की पूर्णता के साथ आबंटन की औपचारिकता पूरी की जायेगी और हितग्राहियों को इसका लाभ दिया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रति इकाई के लिए केंद्र सरकार कुल लागत का 60 प्रतिशत दे रही है। जबकि राज्य का अंश इसमें 40 प्रतिशह है।

वृद्ध महिला की मंदिर के पास मिली लाश,जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर जिले के रतनपुर में भैरव बाबा मंदिर के पास एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों लाश मिली है। मृतिका का नाम जाम बाई 73 वर्ष बताया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैरव बाबा मंदिर के पास मृतका जाम बाई का क्षतिग्रस्त शव घर के कमरे में पड़ा हुआ था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि वृद्ध महिला की मौत 2 से 3 दिन पहले हो चुकी है। साथ ही महिला के हाथ में चोट के निशान भी मिले हैं। इस पर पुलिस को संदेह हुआ कि वृद्धा की किसी ने हत्या तो नहीं कर दी है। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस यह अनुमान लगा रही है कि महिला की मौत के बाद जीव—जंतुओं ने शव को नोच दिया है। बहरहाल इस मामले की वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए मृतिका के शव को परिवार वालों को सौंप दिया है।

बिलासपुर और रायपुर की तर्ज पर दुर्ग में भी बनेगी दुर्ग शहर विकास समिति

- दुर्ग शहर के विकास को लेकर हुई समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय
- तेजी से होगा अधोसंरचनाओं पर काम, अंतर्विभागीय समन्वय के लिए आयोजित की गई बैठक
- कलेक्टर ने शहर में चल रही बड़ी अधोसंरचनाओं का किया निरीक्षण, तेजी से काम पूरा करने दिये निर्देश

दुर्ग (आरएनएस)। रायपुर और बिलासपुर की तर्ज पर दुर्ग में भी दुर्ग शहर विकास समिति बनेगी। समिति की नियमित अंतराल में बैठक होगी और इसमें शहर के विकास को आगे ले जाने की योजनाओं पर चर्चा होगी। यह निर्णय आज दुर्ग शहर के विकास को लेकर हुई समीक्षा बैठक में हुआ। बैठक में महापौर ने इस संबंध में सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि विधायक दुर्ग अरुण वोरा की अध्यक्षता में ऐसी समिति बनाई जा सकती है। इस पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सुझाव को अमलीजामा पहनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि रायपुर में समिति का काम किस तरह होता है इसका अध्ययन कर लें और शीघ्र ही इसका गठन कर लें। बैठक में विधायक अरुण वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर के विकास के लिए अच्छी योजनाएं शासन ने तैयार की हैं और इस पर क्रियान्वयन किया जा रहा है, इससे तेजी से शहर का स्वरूप निखर रहा है। विभागीय समन्वय से चीजें और भी बेहतर होती हैं क्योंकि निगम प्रशासन के भी बहुत कुछ कार्य

अन्य विभागों से संबंधित होते हैं ऐसे में इस तरह की समन्वयात्मक बैठकों का विशेष महत्व होता है। अपनी बात रखते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि दुर्ग निगम में चल रहे कार्यों की निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। जो अच्छे प्रस्ताव शहर की बेहतरी के लिए लाये गये हैं उन्हें शासन के समक्ष भेजा गया है। शासन स्तर से निरंतर समन्वय कर कार्यों को गति दी जा रही है। बैठक में विधायक वोरा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की बेहतरी से संबंधित विभागीय समन्वय के बारे में कुछ सुझाव दिये। महापौर ने भी शहर के अधोसंरचना विकास से संबंधित विषय रखे। कलेक्टर ने कहा कि इसकी मानिटरिंग संयुक्त कलेक्टर के स्तर पर होगी। बैठक में नागरिकों की बेहतरी से संबंधित जो भी कार्य सुझाये गये हैं उन पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की शहर विकास से संबंधित समीक्षा बैठक शीघ्र ही अन्य निगमों में भी होगी। उन्होंने इसके बाद पूरे शहर की अधोसंरचनाओं का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, आयुक्त हरेश मंडावी, एसडीएम विनय पोयाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अधोसंरचना- बैठक में ठगड़ा बांध, आडिटोरियम, सडक़ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि तेजी से गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हमारा लक्ष्य है। इस उद्देश्य से नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। आज कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ सडक़ चौड़ीकरण के कार्य भी देखे और वायशेप ब्रिज से लेकर गंज पारा तक निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्य प्राथमिकता से समय पर पूरे होंगे। जिन कार्यों में समन्वय की जरूरत थी, उन पर आज चर्चा कर ली गई है। इस पर नगरीय प्रशासन विभाग से चर्चा कर जल्द ही निराकरण कर लिया जाएगा।

शिक्षा- शहर में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के संबंध में विशेष रूप से चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि हमारा फोकस बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराना है। इसके लिए डीएमएफ मद से भी राशि दी गई है। विधायक निधि से भी राशि उपलब्ध कराई गई है। दीपक नगर में स्कूल का कार्य अच्छा हो रहा है। जेडीएस भी अपने पुराने स्वरूप में निखरेगा। इसके लिए निर्देश दिये गये हैं।

पेयजल- बैठक में विधायक ने पेयजल का मुद्दा भी रखा। उन्होंने कहा कि गर्मी आने को है और निगम प्रशासन इसकी तैयारी कर लें। निगम आयुक्त ने बताया कि पुरानी पाइपलाइन से नई पाइपलाइन कनेक्शन के लिए कुछ समय शटडाउन करना पड़ता है कोशिश होती है कि शीघ्रता से यह काम पूरा हो जाए।

इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक- बैठक में इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक पर विशेष रूप से चर्चा हुई। विधायक और महापौर ने ट्रैफिक के लिए एक विशेष जगह चिन्हांकित करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने निगम आयुक्त एवं अधिकारियों को इसके लिए जगह चिन्हांकित करने तथा ट्रैफिक की समस्या का निदान करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

सड़क हादसे में 2 की मौत व तीन घायल, ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी रायपुर के संतोषी नगर इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया है। जिसकों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीएसयूपी कालोनी भाठागांव निवासी रेख चंद साहू 18 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी का पिता व चाचा बाइक से 11

फरवरी को रात 9 बजे के करीब डूमरतराई से काम करके वापस घर आ रहे थे तभी संतोषी नगर ओव्हरब्रिज के ऊपर रिंग रोड नंबर 1 टिकरापारा के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4395 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया जिससे प्रार्थी के चाचा कमलेश साहू की मौके पर ही मौत हो गई व पिता पंचराम साहू गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह सोनू-मोनू चौक सिलतरा के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोगों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम छीरपानी थाना कुकदूर जिला कबीरधाम निवासी मनोज साहू 18 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी अपने दो दोस्त लालू श्याम एवं गोपेश्वर साहू के साथ शुक्रवार को देर शाम बाइक से आ रहा था तभी सोनू-मोनू चौक सिलतरा धरसींवा के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई जिससे बाइक चला रहे गोपेश्वर साहू की मौके पर मौत हो गई वही प्रार्थी व लालू श्याम घायल हो गए उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

अवैध संबंध से जन्मी बच्ची को मां ने पटक-पटकर कर दी हत्या,जांच में मामला आया सामने

बिलासपुर(आरएनएस)। मां ने अवैध संबंध से जन्मी बच्ची को जमीन में पटककर मार डाला। इसके बाद लाश को घर के पीछे गड्ढे में फेंक दिया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली सीएसपी स्नेहिल साहू ने बताया कि बुधवार की सुबह तोरवा के देवरीडीह स्थित नहरपारा में नवजात बालिका का दो टुकड़ों में शव मिला था। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में पता चला कि बालिका के सिर में चोट लगने से मौत हुई है। पूछताछ से पता चला कि मोहल्ले में रहने वाली राधिका यादव 45 वर्षीय गर्भवती थी। उसका बच्चा हो गया है। उसके बच्चे का पता नहीं चल पा रहा है। संदेह पर पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें पता चला कि महिला का पति काम करने के लिए बाहर गया है। इस बीच उसका मोहल्ले में ही रहने वाले एक युवक से अवैध संबंध स्थापित हो गया। इस संदेह में पुलिस ने महिला से इस बारे में जानकारी ली तो आरोपित महिला जुर्म कबूल लिया है। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

ट्रैफिक पुलिसकर्मी को सरेराह 3 बदमाशों ने पीटा,मारपीट के बाद तीनों आरोपी फरार

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ सरेराह मारपीट की गई है। घटना के वक्त वह अपने घर से ड्यूटी के लिए निकला था। इस बीच जब वह रास्ते में रुका तो बाइक में सवार 3 बदमाश वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करने के बाद तीनों फरार हो गए हैं। राजनांदगांव ट्रैफिक पुलिस में आरक्षक के रूप में तैनात रूपेंद्र शनिवार को ड्यूटी के लिए निकला था। वह घर से निकलकर ड्यूटी के बस स्टैंड जा रहा था। इतने में वह करीब एक से डेढ़ बजे के बीच स्टेशन रोड में ।।ष्टस्नष्ट बैंक के पास रुककर खड़ा हो गया। रूपेंद्र

वहां खड़ा होकर मोबाइल चला रहा था। इतने में बाइक में सवार होकर 3 लोग वहां पर पहुंच गए। घटना का जो वीडियो सामने आया है, उसमें दिखाई दे रहा है कि पहले एक युवक बाइक से उतरता है और ट्रैफिक पुलिस के आरक्षक को घूंसों से मारता है। इसके बाद वह आगे चला जाता है। इतने में आगे खड़े उसके साथ भी गाड़ी से उतरकर आता है और पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने लगता है। फिर दोनों मिलकर पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करते हैं। मारपीट के बाद तीनों बाइक से भाग निकले हैं।

छत्तीसगढ़ में सैटिन क्रेडिटकेयर से हो रहा महिला उद्यमिता का उत्थान

रायपुर(आरएनएस)। हम सभी कितनी भी बाधाओं का सामना करें, कुछ महिलाएं हैं जो इन चुनौतियों से गुज़रती हैं और संकटपूर्ण परिस्थितियों से बाहर निकलने और आत्मनिर्भर बनने का रास्ता खोजती हैं। ऐसी ही एक कहानी है प्रदेश की सीमा की। सीमा छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर से हैं। सीमा की शादी एक छोटे लेकिन संपन्न घर में हुई थी, जहां उनके पति परिवार में अकेले कमाने वाले थे, हालांकि सीमा के पति के बार-बार बीमार होने से उनकी स्थिति बदल गई और खराब हो गई। उनकी तबीयत बिगड़ गई जिसके कारण उन्हें नौकरी छोडऩी पड़ी।

उनके घर में कोई कमाने वाला सदस्य नहीं होने के कारण, उसका जीवनयापन मुश्किल हो गया क्योंकि उनकी बचत अंतत: समाप्त हो गई। सीमा के पास अपने ससुराल, अस्वस्थ पति और 2 बच्चों सहित अपने परिवार की वित्तीय जिम्मेदारियों को संभालने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

भिलाई के छोटे से पड़ोस में सीमा ने एक फैंसी (नॉवेल्टी) की दुकान से शुरुआत करने का फैसला किया। उन्होंने संपार्श्विक मुक्त माइक्रोक्रेडिट ऋण के लिए आवेदन करने के लिए साटन क्रेडिटकेयर नेटवर्क से संपर्क किया। लोन आफरिंग के साथ ही उन्होंने 25 हजार रुपये का लोन प्राप्त किया और एक छोटी सी नॉवेल्टी की दुकान शुरू की।

कुछ ही महीनों में ग्राहकों की बढ़ती मांग के साथ उनका व्यवसाय फलने-फूलने लगा। आखिरकार, सीमा को और अधिक इन्वेंट्री के लिए अपने स्टोर का विस्तार करने की आवश्यकता महसूस हुई, इसलिए उन्होंने सैटिन क्रेडिटकेयर से 30 हजार रुपये का एक और लोन लिया। बाद में उन्हें कपड़े की दुकान शुरू करने के लिए 50 हजार रुपये का कर्ज मिला। अपनी दुकान शुरू करने से पहले, उनकी मासिक घरेलू आय 5 हजार रुपये से 6 हजार रुपये तक थी। आज समय पर लोन प्राप्त करने और समय पर पुनर्भुगतान करने से, वह अब प्रति माह 35 हजार रुपये अतिरिक्त कमाती है। चूंकि सीमा की नई कपड़े की दुकान अच्छा व्यवसाय कर रही थी, उन्?होंने अब दुकान में कर्मचारियों को काम पर रखा है।

वाहनों की चेकिंग के दौरान बस में सफर कर रहे व्यक्ति के पास मिला 18 किलों गांजा, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर आनंद छाबड़ा के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा 9 थानो के प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर उक्त स्थानों में पाईट लगाकर गांजा एवं अन्य अवैध पदार्थ की चेकिंग के निर्देश दिये गये थे।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के पर्यवेक्षण में संबंधित थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के पुलिस बल के साथ पाईंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी उक्त स्थानों में भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग क्रम में गोबरानवापारा राजिम महानदी पुल पर थाना गोबरानवापारा पुलिस की टीम द्वारा बस वाहन क्रमांक सी जी/07/एन/3300 को रोककर सवारियों के बैग व अन्य सामानों को चेक करने के दौरान

एक व्यक्ति के बैग में मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सुरेश कस्बे निवासी चेम्बूर बंबई महाराष्ट्र का होना बताने के साथ ही गांजा को जिला गरियाबंद के देवभोग से लाकर महाराष्ट्र ले जाना बताया। जिस पर आरोपी सुरेश कस्बे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग - अलग बैग व थैले में रखें कुल 18 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 1,10,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गोबरानवापारा में अपराध क्रमांक 79/22 धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन व्यक्तियों तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

दपूमरे महाप्रबंधक ने बिलासपुर-लखौली-रायपुर खंड का वार्षिक निरीक्षण किया

- यात्री सुविधाओं पर महाप्रबंधक से दपूमरे के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक आलोक कुमार ने शुक्रवार को रायपुर रेल मंडल का वार्षिक निरीक्षण बिलासपुर-लखौली- रायपुर सेक्शन में किया। निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं संरक्षा, सुरक्षा की सुनिश्चितता के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, स्थानीय संगठनों, यात्री संगठनों से महाप्रबंधक मिले।

महाप्रबंधक निरीक्षण स्पेशल में महाप्रबंधक महोदय बिलासपुर से प्रस्थान किये और सर्वप्रथम बिल्हा स्टेशन पर विधायक बिल्हा धर्मलाल कौशिक एवं अन्य संगठनों से यात्री सुविधाओं पर चर्चा की तत्पश्चात रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओ एवं स्टेशन पर चल रहे विकासात्मक कार्यो का जायजा लिए। इसके तत्पश्चात सेंट्रल रिले रूम ,पैनल रूम, रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया एवं नवनिर्मित गैंग टूल रूम एवं रेस्ट रूम, रेल आवास, बाल उद्यान एवं ओपन जिम, रेल कर्मचारियों के लिए रेल आवास का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में बिल्हा स्टेशन पर प्वाइंट एवं क्रासिंग एवं बिल्हा फाटक का निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने शिवनाथ नदी पर बने, बिलासपुर- रायपुर सेक्शन के दगोरी-निपनिया के मध्य स्थित ब्रिज नं. 462 अप शिवनाथ ब्रिज एवं दगोरी-निपनिया के मध्य कर्व का सघन निरीक्षण किया। इसके साथ ही सुरक्षा उपकरणो की जांच की। इसके साथ ही कार्यस्थल पर कार्यरत इंजिनियरिंग विभाग के ट्रैकमेन कर्मचारियों से उनके कार्य प्रणाली पर संवाद किया। महाप्रबंधक ने बैकुंठ-सिलयारी के बीच किमी. एल.सी नंबर 401 कुंदरू फाटक का निरीक्षण किया।

सिलियारी स्टेशन पर माननीय विधायक श्रीमती अनिता शर्मा ने महाप्रबंधक के समक्ष यात्रियों एवं ग्रमीणों कीसमस्याओं पर चर्चा की। महाप्रबंधक ने लखौली स्टेशन पर यात्री सुविधाओ एवं रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया एवं नवनिर्मित ओपन पार्क एवं जिम का शुभारंभ किया। बहुविभागीय नवाचार प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिसमें लखौली स्टेशन पर ट्रैक मशीन के टेस्टिंग के प्रदर्शन, सुरक्षा उपकरणो की जांच की।